DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, Chamoli
District Court Campus, Chamoli
246401

RAVI PRAKASH
PCS (J)
Civil Judge (Sr.Div.)
Secretary

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण–चमोली

" सफल कहानी "

तहसील थराली के गॉव– पाल्टा भकुना (ग्वालदम) 4055404 भूतपूर्व हवलदार हीरा सिंह निवास करते हैं इन्होंने अपनी पुत्री के विवाह के लिये अनुदान प्राप्त करने हेतु कार्यालय जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास में प्रार्थना–पत्र दिया था। सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास चमोली में प्रार्थी ने बार–बार पूछ–तॉछ किया प्रार्थी अनुदान प्राप्त करने के लिये दर–दर भटक रहा था कहीं उसकी सुनवाई नहीं हो रही थी इस बीच दिनांक 17.12.2017 को उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के सौजन्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण–चमोली द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज कुलसारी तहसील थराली में वृहद बहुउद्देशीय साक्षरता/जागरूकता शिविर लगाया गया इस शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण–चमोली द्वारा शिकायत पंजीकरण/हेल्प–डेस्क लगाया गया था जिसमें प्रार्थी ने अपनी पुत्री के विवाह के लिए अनुदान राशि प्राप्त करने के लिए शिकायती प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया इस प्रार्थना–पत्र पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण–चमोली द्वारा संज्ञान लिया गया प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण–चमोली के पत्रांक संख्या 175/जि0वि0से0प्रा0चमोली/शिकायती पत्र/2017–18 दिनांकित 23 जनवरी, 2018 के साथ मूल रूप में संलग्न कर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास चमोली गोपेश्वर को इस आशय से प्रेषित किया गया कि प्रार्थी के प्रार्थना–पत्र पर आवश्यक कार्यवाही कर इस प्राधिकरण को अवगत करायें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण–चमोली के पत्र लिखने के बाद जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास विभाग हरकत में आया व प्रार्थी 4055404 भूतपूर्व हवलदार हीरा सिंह को **50000.00 (पचास हजार रूपया)** की धनराशि पुत्री की शादी के लिए अनुदान प्राप्त हो गया। प्रार्थी ने भी इस सम्बन्ध मे प्राधिकरण को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

Phone No 01372-251529, Mob. No. 9412079328 Fax 01372-252191 E-Mail : dlsa.chamoli@gmail.com
Toll Free No. 1800-180-4000